चैत्र भूतड़ी अमावस्या 29 मार्च एवं गुड़ी पड़वा पर्व 30 मार्च को जिले में मनाया जायेगा

खण्डवा। जिले में चैत्र भूतड़ी अमावस्या 29 मार्च एवं गुड़ी पड़वा पर्व 30 मार्च को मनाया जायेगा। इस पर्व पर ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान एवं दशनार्थ खण्डवा जिले एवं आसपास के जिलों से दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन की सम्भावना होती है। खण्डवा जिले का खण्डवा-इन्दौर सड़क मार्ग अत्यन्त व्यस्तम सड़क मार्ग है, जिसमें भारी एवं हल्के वाहन का आवागमन निरन्तर रूप से चलता रहता है। श्रद्धालुओं के निर्बाध परिवहन,सार्वजनिक सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से,जनसामान्य की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने आदेश जारी कर खंडवा-इंदौर मार्ग को भारी वाहनों के लिये प्रतिबंधित किया है।

ओंकारेश्वर तीर्थ नगरी में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का होता है आगमन, श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खण्डवा-इंदौर मार्ग पर भारी वाहनों पर प्रतिबंध

इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर संचालित होने वाले भारी मालवान को जनहित एवं सुरक्षा की दृष्टि से केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 तथा केन्द्रीय मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 के अंतर्गत 28 मार्च को दोपहर 12 बजे से 30 मार्च की रात्रि 12 बजे तक भारी मालवान संचालित किया जाना प्रतिबंधित किया गया है। जारी आदेश में उल्लेख है कि बुरहानपुर की ओर से खण्डवा जिले में प्रवेश करने वाले भारी वाहन खण्डवा जिले के ग्राम देशगांव में प्रवेश कर खरगोन,कसरावद, खलघाट, महू होते हुए इंदौर की ओर अपने गन्तव्य स्थान तक पहुचेंगे। इन्दौर से चलने वाले भारी वाहन महू से खलघाट, कसरावद, खरगोन, भीकनगांव से देशगांव होते हुए खण्डवा बुरहानपुर की ओर अपने गन्तव्य स्थान तक पहुचेंगे। इसके अलावा दुग्ध वाहन, नगर निगम की स्वास्थ्य सेवाओं में लगे वाहन, पुलिस वाहन, फायर ब्रिगेड, पानी टैंकर, आर्मी के वाहन, विद्युत मंडल के कार्य में संलग्न वाहन, एल.पी.जी./पेट्रोलियम पदार्थ वाहन, कृषि उपज मण्डी में सब्जी ले जाने वाले वाहन तथा यात्री बसें आदि वाहनों को इस आदेश से पूर्णतः मुक्त रखा गया है।

सेवानिवृत्त हुए 5 शासकीय कर्मचारियों का कलेक्टर गुप्ता ने किया सम्मान

खण्डवा - माह फरवरी, 2025 में सेवानिवृत्त हुए कुल 5 शासकीय कर्मचारियों को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बुधवार को पेंशन प्राधिकार पत्र के साथ शॉल व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी श्यामलाल खरे, जगदीश प्रसाद नागोरे, शिवनारायण मालवीय, उन्हास मुसले एवं ग्यारसी लाल डालसे को सम्मानित किया। कलेक्टर गुप्ता ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला पेंशन अधिकारी पुष्पा भिड़े, सहायक पेंशन अधिकारी रुपाली गवली एवं समस्त पेंशन कार्यालय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सफलता की कहानी

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से मनीष जोशी ने स्वयं का वस्त्र व्यवसाय किया स्थापित

खंडवा - मनीष जोशी खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर के निवासी हैं, जिनकी शिक्षा स्नातक तक है। वे निजी क्षेत्र में कार्यरत थे, जहाँ पर उनकी सीमित आय थी, जिसमें पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना कठिन था। उनका सपना था कि किसी निजी क्षेत्र में कार्य करने के स्थान पर स्वयं का रोजगार होना चाहिए, जहाँ वे अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान कर सकें।

वे बहुत दिनों तक सोचते रहे कि कौनसा व्यवसाय किया जाना चाहिए। उन्होंने अपने परिचितों एवं शुभचिंतकों से सलाह ली तो औसत से अधिक लोगों का मानना था कि रेडीमेड वस्त्र व्यवसाय उपयुक्त होगा। इस व्यवसाय का उन्हें कुछ अनुभव था और बाजार में माँग को देखते हुए उन्होंने अपने परिजनों से विचार के बाद इस व्यवसाय को शुरू करने का निर्णय लिया। व्यवसाय की शुरुआत के लिए पूँजी की आवश्यकता थी। परंतु पूँजी अभाव के कारण उन्होंने अपने निर्णय को कुछ दिनों तक स्थगित कर दिया। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से बैंक द्वारा आसान किश्तों एवं ब्याज अनुदान पर मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से ऋण प्राप्त हो जाता है। उन्होंने उक्त कार्यालय में संपर्क किया जहाँ से उन्हें विस्तृत जानकारी मिली। उन्होंने उद्योग विभाग के मार्गदर्शन में योजनान्तर्गत ऑनलाईन आवेदन किया जिसे बैंक ऑफ इंडिया शाखा ओंकारेश्वर की ओर उनके चाहेनुसार भेजा गया। बैंक की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उन्हें 7 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया। उन्होंने बालाजी वस्त्रम के नाम से ओंकारेश्वर में व्यवसाय प्रारंभ किया। इस व्यवसाय से उन्हें अपेक्षा से अधिक आय प्राप्त हो रही है तथा उनका पारिवारिक खर्च एवं बैंक की किश्त के साथ ही कुछ बचत भी हो जाती है। इसके लिए श्री मनीष जोशी ने मध्यप्रदेश सरकार एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र का आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला संपन्न

डॉ संजय इंगले ने दिया प्रशिक्षण

खंडवा। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपी सिंह की अध्यक्षता एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ संजय इंगले के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ सिंह ने विद्यार्थियों को कहा कि स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम यह शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेसके माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु चलाई जा रही है। आज वर्तमान समय में विद्यार्थी को शारीरिक समस्याओं के साथ-साथ कई मानसिक समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। कई विद्यार्थी अपने घरों से दूर रहकर शिक्षा अर्जित कर रहे हैं, जिससे उनमें अकेलापन, तनाव एवं नशे के प्रति झुकाव जैसी कई समस्याएं प्रभावित कर रही हैं। उनकी मनःस्थिति को समझना और उन्हें तनाव अकेलेपन से दूर करने के लिए क्या प्रयास किया जा सकते हैं? इस हेतु आज का यह मानसिक स्वास्थ्य शिविर उनके लिए अत्यंत उपयोगी होगा।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ संजय इंगले ने कहा कि आज का

युवा जिस प्रकार नशे के प्रति आकर्षित हो रहा है। वह आने वाले समय के लिए देश के लिए अत्यंत नुकसानदायक है। आज बड़ी-बड़ी कंपनियों का प्रचार हमारे युवाओं को सबसे ज्यादा टारगेट करके अपना बिजनेस कर रहे हैं और मुनाफा कमा रहे हैं।

आज ऐसे ऐसे फूड प्रोडक्ट मार्केट में है जिससे हमारे युवाओं की जीवन शैली एवं दिनचर्या में बदलाव आ गया है। आज का युवा मोबाइल में लगातार रील देख रहा है, जिससे वह ना समय पर भोजन करता है, ना समय पर सोता है, जिससे उसके जीवन शैली में बदलाव आ गया है। आज तनाव हर युवा में दिखाई दे रहा है। गुस्सा, चिड़चिड़ापन, अपने पर नियंत्रण न होना, ब्लड प्रेशर हाई होना, यह अब युवाओं में भी बहुत तेजी से बढ़ रहा है। आज मोबाइल में लगातार रील देखना भी एक नशे जैसा ही हो गया है। कोई भी कंपनी अपने विज्ञापन में स्वस्थ भोजन, अच्छे खाद्य पदार्थों की आदतों के बारे में नहीं बताती। हमें अपने जीवन शैली में बदलाव करते हुए नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम को प्राथमिकता देनी होगी। समय पर भोजन और समय पर नींद तभी हम स्वस्थ रह पाएंगे अन्यथा कम उम्र में ही हम शारीरिक एवं मानसिक रूप से कई बीमारियों के शिकार हो जाएंगे। अतः अपने परिवार माता-पिता के साथ समय बताएं। साथ में भोजन करें। रात्रि में मोबाइल को अपने से दूर रखें, जिससे कि पर्याप्त नींद ले सकें। यदि किसी को कोई मानसिक समस्या है तो वह 14416 पर कॉल कर सकता है या जिला चिकित्सालय में आकर मुझसे संपर्क कर सकता है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ गणेश प्रसाद दावरे, कार्यक्रम के नोडल अमित कुमार अब्राहम, एनसीसी अधिकारी डॉ एस एस डावर, एनएसएस प्रभारी डॉ आशुतोष तिवारी, प्रो कुलदीप रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ मीनाक्षी मंडलोई ने किया तथा आभार प्रो महेश भाबोर ने व्यक्त किया।

शरीर एक जीता जागता भगवान का मंदिर है इसे स्वच्छ रखे -पं सन्तोष चतुर्वेदी महाराज

प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में हुआ प्रभु मिलन कार्यक्रम

खण्डवा। हम उस प्राणस्वरूप,दुःख नाशक,सुखस्वरूप, श्रेष्ठ,तेजस्वी, पापनाशक, देवस्वरूप, परमात्मा का ध्यान करें।वह परमात्मा हमारी बुद्धि को सन्मार्ग में प्रेरित करे।परमात्मा पृथ्वी, आकाश और स्वर्ग में व्याप्त है,जो प्रकाश और ज्ञान का स्त्रोत है।जो पूजनीय है, जो पापों और अज्ञान को दूर करता है।उपरोक्त उदगार लायन्स क्लब खण्डवा व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ,योगाचार्य डीगम्बर पांडुले,रितेश गोयल,लोकेश स्वामी,अजय लाड़ व नारायण बाहेती के मार्गदर्शन में नवकार नगर में आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के शाम को आयोजित प्रभु मिलन व मां की महिमा विशेष कार्यक्रम में भोपाल से पधारे मार्गदर्शक, भगवताचार्य व उद्योगपति पंडित सन्तोष चतुर्वेदी ने गायत्री महामंत्र का अर्थ बताते हुए व्यक्त किये।नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि श्री चतुर्वेदी ने कहाकि अखिल भारतीय गायत्री परिवार की प्रेरणा से योगाचार्य डीगा भाई सम्पूर्ण भारत मे शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवाएं दे रहे हैं।शिविर के प.पु.श्री संतोष चतुर्वेदी जी महाराज जी ने बताया कि शरीर शुद्धि प्राकृतिक चिकित्सा शिविर को हमेशा अपने शारीरिक स्वास्थ्य से जोड़ कर रखना चाहिए।

ओर अपना शरीर एक जीता जागता भगवान का मंदिर है ।इस को हमेशा साफ स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। ओर हमें अपने शरीर को योग के माध्यम से जोड़ कर रखना चाहिए। शिविर के बाद भी आप उनके बताए योग,प्राणायाम, चिकित्सा व आहार को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सुखी जीवन व्यतीत करें। प्रभु मिलन कार्यक्रम में योगाचार्य डीगम्बर पांडुले ने मेडिटेशन के तहत माँ की महिमा का गुणगान कर सभी को भावविभोर कर दिया। शिविर में लायन्स क्लब खण्डवा, लियो क्लब खण्डवा, रोटरी क्लब,बालाजी ग्रुप व गसमाजसेवी संस्थाओं व समाज की महिलाओं व पुरुषों ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज की।चतुर्थ दिवस प्रातः योग प्राणायाम व शरीर शुद्धि हेतु विभिन्न प्राकृतिक चिकित्सा की गई।

नवीन अनमोल एलीकेशन व आर.सी.एच. पोर्टल से होगा गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, पंजीयन के लिये दिया गया प्रशिक्षण

खंडवा -शासन के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए नवीन अनमोल एप्लीकेशन और आर.सी.एच. पोर्टल 2.0 का प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज के ए-ब्लॉक में आयोजित किया गया। गुरूवार को आयोजित इस प्रशिक्षण मे हरसूद एवं किल्लोद के सी.एच.ओ. तथा सुपरवाईजर तथा ए.एन.एम. को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.डी. बकोरिया ने बताया कि गर्भवती माताओं के पंजीयन तथा टीकाकरण के लिये उपयोग में लाये जा रहे अनमोल एप्लीकेशन तथा पोर्टल के नये वर्जन में पंजीयन के लिये समग्र आई.डी., आधार कार्ड तथा बैंक खाते की ईकेवायसी अनिवार्य रूप से होना चाहिये। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि जननी सुरक्षा व प्रसूति सहायता योजना के पात्र हितग्राहियों को भुगतान के लिये समग्र से आधार लिंक करवाना तथा आधार कार्ड से बैंक खाता लिंक करवाना होगा, तभी प्रोत्साहन राशि का भुगतान प्राप्त हो सकेगा। गर्भवती महिला के पंजीयन के समय पति-पत्नी के समग्र आई.डी. एक ही परिवार सूची में अपडेट करवाना होगा। उन्होनें कहा कि समस्त सी.एच.ओ. एवं सुपरवाईजर्स तथा ए.एन.एम.,आशा कार्यकर्ता नव-दंपति एवं योग्य लक्ष्य दंपति को आधार कार्ड, समग्र आई.डी. तथा बैंक अकाउंट अपडेट करवाने के लिये प्रेरित करें, ताकि पंजीयन के समय किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो एवं भुगतान समय पर प्राप्त हो सके। मास्टर ट्रेनर श्री आशीष गीते ने प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया कि नये एप्लीकेशन के माध्यम से पंजीयन के साथ ही हाई रिस्क ए.एन.सी. का फॉलोअप, प्रसव उपरांत दी जाने वाली सुविधा तथा बच्चों के टीकाकरण की ट्रेकिंग आसानी से की जा सकेगी।

कपास उत्पादक किसान व व्यापारियों के लिए आने वाला वर्ष रहेंगा अच्छा - गुरनाम दास

सैलाना। क्षेत्र के कपास व्यापारियों का मिलन समारोह नगर के चण्डालिया फार्म हाउस पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर स्थानीय रचनाकार निरंजन कसेरा द्वारा राष्ट्रीय व हास्य रस की काव्य रचनाएं प्रस्तुत की गई जिसे सराहा गया । मुख्य अतिथि मनजीत कॉटन के गुरनामदास ,विशेष अतिथि वर्धमान ग्रुप के मोहनलाल ओर वेल्स पेल मिल के कर्नल सिंह मंचासीन थे जिनका स्वागत कार्यक्रम के आयोजक अशोक चंडालिया , ओंकार लाल कसेरा , कृष्णा कसेरा द्वारा किया गया। बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन मे गुरनाम दास ने कहा की विगत 21 वर्षों से इस क्षेत्र में मनजीत कॉटन व्यापार कर रहा है जो सभी के सहयोग के बुते ही इतने लंबे समय तक काम करना संभव हुआ है चालू साल कपास का व्यापार करने वालों के लिए मुश्किल भरा था पर हम आशान्वित हैकि आने वाला साल सभी के लिए अच्छा रहेंगा। । कार्यक्रम के दौरान रचनाकार प्रशांत दवे की कपास के ऊपर लिखी कविता की प्रस्तुति पर खूब तालिया बजी।इस अवसर पर बड़ी संख्या मे क्षेत्र के कपास व्यापारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रेश चंडालिया ने किया आभार दीपक कसेरा ने माना।

श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा के कीमोथेरेपी यूनिट में मरीजों को मिल रहा जीवन दान

खंडवा - श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में (डे केयर सेंटर) कीमोथेरेपी यूनिट है, यह व्यवस्था राज्य के कुछ चुनिंदा जिलों में संचालित है, जिसमें खंडवा जिले का यह सौभाग्य है। यह व्यवस्था पुराने आई.सी.यू. यूनिट में संचालित की जा रही है। यहाँ पर कुल चार बेड का कीमोथेरेपी यूनिट है। जिसमें मरीजों को सुबह भर्ती होकर लगातार शाम तक डिस्चार्ज कर दिए जाता है। आज डे केयर सेंटर में कुल 7 मरीजों को कीमोथेरेपी यूनिट में भर्ती रखकर कैंसर प्रोग्राम के नोडल अधिकारी डॉ. विशाल श्रीवास्तव के ऑब्जर्वेशन में मरीजों को कीमोथेरेपी दी गई। उन्होंने बताया कि इस यूनिट में एक विशेष चिकित्सा सुविधा है, जो कैंसर रोगियों को कीमोथेरेपी उपचार प्रदान करती है। इसमें कैंसर रोगियों को सुरक्षित और प्रभावी कीमोथेरेपी उपचार प्रदान करना और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार और उनकी बीमारी को नियंत्रित करने के प्रयास किए जाते हैं। यहाँ पर 20 प्रकार की

दवाइयाँ तथा इंजेक्शन उपलब्ध हैं एवं मरीज को निःशुल्क प्रदान किए जाते हैं तथा सभी प्रकार के कैंसर के मरीज जैसे सर्वाइकल कैंसर, स्तन का, गर्भाशय के मुंह का, ओरल, पेट का, आहार नली का तथा पैंक्रियाज का कैंसर एवं अन्य प्रकार के मरीजों को यहाँ पर कीमोथेरेपी दिया जाता है। यहाँ पर लगभग 20 मरीजों की कीमोथेरेपी चल रही है और अन्य मरीज फॉलोअप के लिए भी रेगुलर आते हैं, जिनका हर 3 एवं 6 महीने में फॉलोअप करते हैं, तथा सीटी स्कैन एवं बायोप्सी की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कुछ जटिल प्रक्रिया में रेडिएशन की जरूरत पड़ती है तब इंदौर या अन्य जगह भेजते हैं। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है। कीमोथेरेपी करने आई रामप्यारी पति प्रेमलाल उम्र 65 वर्ष ने बताया कि वे 2019 से जिला चिकित्सालय में इलाज करवा रही हैं। उन्हें ब्रेस्ट में गठान हुई थी जिसका ऑपरेशन सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एम. एल. कलमे एवं उनकी टीम द्वारा किया गया था और वर्तमान में डॉ. विशाल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में उनकी कीमोथेरेपी चल रही है। आयुष्मान कार्ड के तहत 20-20 हजार के इंजेक्शन उन्हें निःशुल्क लग रहे हैं। यहाँ की नर्सिंग ऑफिसर वर्षा वाडिया द्वारा मरीजों की सेवा ईमानदारी और निष्ठा से की जाती है और सभी व्यवस्था की उन्हें सराहना करते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर अनिरुद्ध कौशल एवं अन्य अधिकारियों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

जिले मे जुआ एक्ट के 01 प्रकरणों मे 04 आरोपियों व अवैध शराब बिक्री करने वाले 05 आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

जिले मे 61 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

खंडवा। पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे दिनांक 26.03.25 को कुल 19 गिरफ्तारी वारंट, 17 जमानती वारंट, 38 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

दिनांक 26.03.25 को अवैध शराब विक्रेताओ के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए। थाना छैगांवमाखन के आरोपी पूनम पिता कन्हैयालाल जाति भील उम्र 34 साल निवासी ग्राम छिरवेल के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 500/-रूपये की विधिवत पंचानो के समक्ष जप्त की गई। थाना पिपलोद आरोपी राधेश्याम पिता फत्तू जाति भील उम्र 48 साल निवासी ग्राम सिंगोट के कब्जे से 10 लीटर कच्ची हाथ भट्ठी की महुआ शराब कीमती 1000/-रूपये की जप्त की गई। थाना मांधाता के आरोपी भीम पिता गोकुल उम्र 35 साल जाति हरिजन निवासी बाबा मोहल्ला मोरटक्का के कब्जे से अवैध 08 लीटर कच्ची महुआँ हाथ भट्ठी शराब कीमती 800/-रुपये की पंचानो के समक्ष जप्त की गई। थाना हरसूद के आरोपी शिवनारायण पिता रामेश्वर नागराज उम्र 30 साल निवासी ग्राम डोटखेडा के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ हाथ भट्ठी शराब कीमती 800/-रूपये की जप्त की गयी। थाना किश्तौद के आरोपी श्रवण पिता बक्तावर जाति राजपुत उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम बिल्तौद के कब्जे से अवैध हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब 10 लिटर कीमती 1000/- रुपये की जप्त की गई। उक्त सभी आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। दिनांक 26.03.25 को थाना धनगांव के आरोपीयो 01. कालु पिता टुकडिया जाति भील उम्र 51 साल निवासी धनगांव 02. लखन पिता जोगीलाल जाति भील उम्र 42 साल निवासी धनगांव 03. समीर पिता सलीम खान उम्र 26 साल निवासी धनगांव 4. पंकज पिता शोभाराम जाति भील उम्र 25 साल निवासी धनगांव के कब्जे से 52 ताश पत्ते व नगदी 730 रू जप्त किये गये। उक्त आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। दिनांक 26.03.25 को जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 61 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं समन शुल्क 34100/-रुपये वसूल किए गए है। पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है। जिले के विभिन्न थानो मे कुल 158 असामाजिक तत्त्वो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 126/135के तहत 85 प्रकरणों में 112 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 129 के तहत 02 प्रकरणों मे 02 अनावेदकों के विरुद्ध,धारा 170के तहत 25 प्रकरण मे 44 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में कुल 45 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्यवाही कराई गई है।

मनासा में रंगे-पुते चेहरों के साथ निकली गेर, रंग तेरस पर खूब उड़े रंग-गुलाल

मनासा। नगर में रंग तेरस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसमें युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। नगर परिषद मनासा द्वारा सोमनाथ मंदिर से ढोल एवं डीजे के साथ गेर निकली। रंगारंग गेर जहां से भी निकली रंग-गुलाल उड़ाकर माहौल को रंगीन कर दिया। नगर में अनेको स्थानों पर रंगारंग गेर निकाली गई। गेर में नगरपरिषद के फायर ब्रिगेड से नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी द्वारा पानी की बौछार की गई। इसमें युवा पानी की बौछारों में झूम रहे थे। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। शोकाकुल परिवार में जाकर रंग लगाकर उत्सव मनाया गया। गेर सोमनाथ मंदिर से प्रारंभ हुई जो बद्रीविशाल मंदिर होते हुए सदर बाजार, सब्जी मंडी पर गैर का समापन किया गया। सब्जी मंडी पर रंगों की बौछार की गई एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर गैर मनाई गई। रंग तेरस पर नगर में सभी समुदायों के समाजजनों की गोट भी होती है। रंग तेरस पर स्वर्ण कार समाज ने सत्यनारायण मंदिर पर तो वहीं माहेश्वरी समाज ने द्वारकाधीश मंदिर पर महिलाएं एवं पुरुषों ने साथ मिलकर रंगारंग गुलाल से एक दूसरे को रंग लगाकर रंग तेरस मनाई गई।